मुझको खाटू बुला लीजिये

मुझको खाटू बुला लीजिये मेरे बाबा,
चरणों से लगा लीजिये मेरे बाबा चरणों से लगा लीजिये,
मुझको खाटू बुला लीजिये मेरे बाबा.......

आने को खाटू में दिन रात तरसता हूँ,
तेरा दर्शन पाने को पल पल मै मचलता हूँ,
दर्शन ही करा दीजिये मेरे बाबा,
चरणों से लगा लीजिये मेरे बाबा चरणों से लगा लीजिये,
मुझको खाटू बुला लीजिये मेरे बाबा......

दुनिया तो समझती नहीं पर तुम तो समझते हो,
मेरी खैर खबर बाबा बस आप ही रखते हो ,
सेवा में लगा लीजिये मेरे बाबा,
चरणों से लगा लीजिये मेरे बाबा चरणों से लगा लीजिये,
मुझको खाटू बुला लीजिये मेरे बाबा.....

चाहता है दास तेरा तेरी घर घर ज्योत जले,
सोना का भी जीवन तेरे चरणों में ही कटे,
मौका सेवा का तो दीजिये बाबा,
मुझको खाटू बुला लीजिये मेरे बाबा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29862/title/mujhko-khatu-bula-lijiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |